प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

0000

08.11.2024 ⁄ प्रादेशिक समाचार ⁄ 09.20 बजे

राष्ट्रपति–सतर्कता सप्ताह

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज नई दिल्ली में केंद्रीय सतर्कता आयोग–सी.वी.सी. के सतर्कता जागरुकता सप्ताह समारोह को संबोधित करेंगी। हर वर्ष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती वाले सप्ताह को सतर्कता जागरुकता सप्ताह के रूप मनाया जाता है। इस वर्ष यह आयोजन 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक किया गया। इसका विषय था–सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि। सतर्कता जागरुकता सप्ताह के साथ, सी.वी.सी. तीन महीने का निवारक सतर्कता अभियान भी आयोजित करता है जिसमें केंद्र सरकार के सभी मंत्रालय, विभाग और संगठन शामिल होते हैं। यह अभियान 16 अगस्त से 15 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। समारोह के दौरान केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा तैयार तीन पुस्तिकाएं जारी की जाएंगे। इस अवसर पर डाक विभाग द्वारा एक विशेष कवर भी जारी किए जाने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ऊना, बिलासपुर, चंबा, किन्नौर और लाहौल–स्पीति जिलों के अधिकारियों को राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। वे कल शिमला में आयोजित डीसी व एसपी सम्मेलन के शुभारंभ सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सुशासन पर विशेष ध्यान केन्द्रित कर रही है और पारदर्शिता व ईमानदार कार्यप्रणाली सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों से शासन में सुधार के लिए सुझाव देने के अलावा सप्ताह में दो दिन अपने कार्यालयों में बैठकर जन शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

उप मुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार ऊना जिला के बीत क्षेत्र में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं के तहत 250 करोड़ रूपए के कार्य किए जा रहे हैं। वे जक्खेवाल में आयोजित 35वें विशाल ईनामी दंगल के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में 72 करोड़ रूपए की बीत क्षेत्र सिंचाई योजना–2 का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा हरोली में भी जलशक्ति विभाग के तहत 28 करोड़ रूपए की चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्य भी तेजी से जारी है। मुकेश अग्निहोत्री ने इस मौके पर संत बाबा ढांगू वाले महाराज जी के मन्दिर निर्माण के लिए 25 लाख रूपए देने की

घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण खेलों को नई ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए युवाओं में प्राचीन खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना जरूरी है ताकि उनमें सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो सके।

कंगना रणौत

सांसद कंगना रणौत ने मंडी संसदीय क्षेत्र के तहत जनजातीय क्षेत्र भरमौर के दौरे के दौरान कल अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बैठक में केंद्र सरकार की योजनाओं की समीक्षा के अलावा सड़क सुविधाओं और मणिमहेश यात्रा के सफल आयोजन पर भी विचार विमर्श किया। कंगना रणौत ने इस दौरान ग्राम पंचायत तुंदा में सामुदायिक रसोई घर व दीघ्रपाल मंदिर निर्माण के लिए 4–4 लाख रूपए देने की बात भी कही। इससे पहले उन्होंने चौरासी मंदिर में शीश नवाया।

<u>मौसम</u>

राजधानी शिमला सहित प्रदेश भर में पिछले करीब एक महीने से अधिक समय से बारिश न होने से गेहूं की बिजाई का कार्य लगातार प्रभावित हो रहा है जिससे किसानों की चिंताएं भी बढ़ गई हैं। शुष्क मौसम के कारण न्यूनतम तापमान में भी गिरावट जारी है और जनजातीय व उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में पारा शून्य से नीचे दर्ज किया जा रहा है। सूखी ठंड के चलते जहां सर्दी, खांसी और बुखार के मामले भी बढ़ने लगे हैं वहीं कोहरे में भी बढ़ोतरी का सिलसिला जारी हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों के दौरान मौसम के शुष्क बने रहने की उम्मीद जताई है।

<u>और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....</u>

आज समाचार पत्रों ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के बीच हुई बैठक की खबर को प्रमुखता दी है।

**पंजाब केसरी, दैनिक भास्कर और आपका फैसला** ने खबर को लगभग एक जैसा शीर्षक दिया है **हिमाचल ने लुहरी, सुन्नी व धौलासिद्व प्रोजेक्ट में मांगा हिस्सा, 15 जनवरी तक होगा फैसला। अमर उजाला** के शब्द हैं **रॉयल्टी पर 15 जनवरी तक मांगा जवाब बी बी एम बी से एरियर के लिए बैठक जल्द। दैनिक सवेरा टाइम्स** का शीर्षक है **सी एम सुक्खू ने केंद्रीय मंत्री खट्टर के समक्ष उठाया बी बी एम बी, शानन प्रोजेक्ट का मुद्दा। हिमाचल दस्तक** का कहना है **एस जे वी एन एल के 3 प्रोजैक्टों को अपने अधीन लेगी सुक्खू सरकार। दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के हवाले से लिखा है **ऊर्जा नीति का पालन करे या प्रोजेक्ट वापस करे एस जे वी एन एल।**

उच्च न्यायालय के फैसले से जुड़ी खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **हाईकोर्ट ने नौकरी पाने के लिए बोनाफाइड हिमाचली की शर्त को असंवैधानिक ठहराया। दिव्य हिमाचल** ने लिखा है **अनुकंपा पर नौकरी के लिए बोनाफाइड हिमाचली होने की शर्त असंवैधानिक।**